Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- राजसमन्द परिवहन कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी की निजी कार एवं जामा तलाशी में 28,110/—रूपये की संदिग्ध राशि जब्त।
- एसीबी की आकस्मिक चेकिंग कार्यवाही।

जयपुर, दिनांक 03 अगस्त 2026। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय के निर्देशानुसार एसीबी चौकी चित्तौड़गढ़ द्वारा आज विश्वसनीय सूचना के आधार पर आकस्मिक चेकिंग की कार्यवाही करते हुए कार्यालय **जिला परिवहन अधिकारी, राजसमन्द** में कार्यरत **दिनेश कलोलिया, सहायक प्रशासनिक अधिकारी** की निजी कार हुंडई क्रेटा (आरजे–27–सीके–4001) की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन के डैशबोर्ड एवं जामा तलाशी से कुल **28,110/—रूपये** की संदिग्ध नकद राशि बरामद हुई। उक्त राशि के संबंध में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किए जाने पर राशि को वजह सबूत जब्त कर लिया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चौकी उदयपुर को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि दिनेश कलोलिया, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, राजसमन्द द्वारा कथित रूप से अवैध वसूली कर कार्यालय समय के उपरांत अपनी निजी कार से राजसमन्द से उदयपुर की ओर रवाना होंगे। प्राप्त सूचना के आधार पर आकस्मिक चेकिंग की योजना बनाकर कार्यवाही की गई।

उक्त कार्यवाही एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस–प्रथम डॉ. रामेश्वर सिंह** के सुपरविजन में तथा **श्री गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**, एसीबी चित्तौड़गढ़ के नेतृत्व में आज नेगड़िया श्रीनाथजी उदयपुर प्राइवेट लिमिटेड टोल प्लाजा पर की गई। शाम को संदिग्ध वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन के डैशबोर्ड एवं श्री दिनेश कलोलिया की जामा तलाशी से कुल 28,110/—रूपये नकद राशि बरामद हुई। राशि के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस पर उक्त राशि को संदिग्ध मानते हुए वजह सबूत जब्त कर लिया गया।

कार्यवाही के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर एसीबी मुख्यालय के निर्देशानुसार संदिग्ध दिनेश कलोलिया के निवास उदयपुर पर भी खानातलाशी की कार्यवाही उदयपुर के नेतृत्व में की जा रही है।

प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा की जा रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9413502834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।